तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 मास्टर ट्रेनर्स का किया गया सम्मान

12 नगर पंचायत दाढ़ी में पसरी गंदगी


स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## परीक्षा : जिले के 53 केंद्रों में दो पालियों में ली गई परीक्षा

# शिक्षक बनने की तैयारी, बीएड व डीएलएड में प्रवेश के लिए 9,737 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को जिले में बी.एड. और डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 9,737 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा दो पालियों में रखी गई थी। पहली पाली सुबह 10 बजे से बीएड और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों ने दी।

बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षा दोनों परीक्षा के लिए जिले से कुल 14,863 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से इस बार प्री बीएड के लिए 6,123 तथा प्री डीएलएड के लिए 8,740 आवेदन प्राप्त हुए थे। दोनों परीक्षा को मिलाकर कुल 5,126 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के अनुपस्थित होने का कारण व्यापम द्वारा परीक्षा फीस में छूट को बताया जा रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में लोगों ने फॉर्म भरा, लेकिन परीक्षा देने में रुचि नहीं दिखाई।




### सुरक्षा और सावधानियां बरती गई

परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी की पहचान की गयी और उसके प्रवेश पत्र और फोटो आईडी की जांच भी की गयी। जिसके लिए परीक्षार्थियों को एक घंटा पहले ही बुलाया गया था।

### मौसम खराब, परिजन हुए परेशान

रविवार को सुबह से ही जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ था। दिन भर रुक-रुक कर हल्की-फुल्की बारिश होती रही जिसके चलते परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं खराब मौसम के बावजूद प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र के बाहर किसी तरह की व्यवस्था नहीं किए जाने से छात्रों के साथ परिजन को परेशानी हुई। आश्रय एवं बैठने के स्थान के साथ-साथ पेयजल की भी व्यवस्था नहीं की गई थी। इससे परेशानी का सामना करना पड़ा।

### गणित के सवाल कठिन

बेमेतरा जिले में कुल 53 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस परीक्षा के लिए व्यापम की ओर से ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी किए गए थे। प्री बीएड की परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार परीक्षा में मैथ्स के सवाल थोड़े कठिन थे। बाकी दूसरे सवाल सामान्य थे। कुछ परीक्षार्थी यह भी कहते नजर आए कि पेपर तो सरल था, लेकिन हम ही तैयारी नहीं कर सके थे, जिस वजह से पेपर ठीक नहीं रहा।

### कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



रविवार को सुबह 10 बजे कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गर्ल्स शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा के साथ विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। बीएड प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधीश द्वारा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की जानकारी ली। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं को देखा। कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों से कहा कि परीक्षा सम्पन्न होने के बाद निर्धारित समय पर दस्तावेजों का मिलान एवं आवश्यक कार्रवाई सही तरीके से करें। परीक्षा हॉल में अनुशासन और समय-सीमा का ध्यान रखने को कहा। उन्होंने द्वितीय पाली के परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र की जांच करने तथा उन्हें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से एक जिम्मेदार अधिकारी को नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# विधायक दीपेश व कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात का प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले मन की बात के 111 वां एपिसोड को रविवार सुबह 11 बजे प्रसारित हुआ, जिसे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और सामाजिक जनों के साथ सुना।


इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों पर "मन की बात " देश भर में बहुत ही लोकप्रिय है। इससे समाज को एक नया आयाम तथा विभिन्न सकारात्मक कार्यो के प्रति प्रोत्साहन मिलता है। साहू ने कहा कि इस बार मन की बात कार्यक्रम काफी ऊर्जा से भरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा कि इस बार हम एक पेड़ अपने मां के नाम से लगाएं, जिसका रिश्ता हमारे साथ जन्म के समय से हो जाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि एक पेड़ अपनी मां को समर्पित करते हुए अवश्य लगाएं। विधायक साहू ने कहा कि मन की बात के माध्यम से सामाजिक जीवन में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल देश में ऐतिहासिक निर्णय लेने वाला है। देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत देवादा के निर्मलकर समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नए कानूनों पर कार्यशाला आज

**जामगांव आर।** भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई को पूरे देश में नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आरक्षी केंद्र जामगांव आर परिसर में सोमवार को कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में प्रबुद्ध वर्ग गणमान्य नागरिक आमंत्रित किए गए हैं। टी आई अम्बिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि कार्यशाला सोमवार 10 बजकर 30 मिनट से रखी गई है।

# कंडा रखने व क्रिकेट खेलने के काम आ रहा मौहाभाठा में हेलीपैड



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

▪ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दौरा कार्यक्रम के दौरान हुआ था निर्माण

शासन-प्रशासन द्वारा ग्राम मौहाभाठा में ग्राम पंचायत एवं सहकारी समिति कार्यालय के समीप सालभर पूर्व करीब लाखों रुपये की लागत से हैलीपैड का निर्माण किया गया है, जो उचित सुरक्षा व देखरेख के अभाव में ग्रामीणों के लिए गोबर के कण्डे बनाने व रखने में उपयोग हो रहा है। वही, कभी कभी यहां पर युवाओं द्वारा उसे क्रिकेट पीच बनाकर बैट-बाल के खेल का आनंद लिया जा रहा है। लिहाजा शासन-प्रशासन के द्वारा सही ढंग से रखरखाव न होने पर गाँव के लिए हैलीपैड नाम मात्र रह गया है। गौरतलब हो कि ग्राम मौहाभाठा क्षेत्र के पूर्व विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे का गृहग्राम है। वहीं, पूर्व दौर में स्थानीय इलाके में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम एवं कृषि-उद्यानिकी कॉलेज के भूमिपूजन व उद्घाटन के लिए शासन द्वारा बड़ी राशि खर्च कर तैयार किया गया था, जो अब सरकार बदलने के बाद इस हैलीपैड से किसी भी जिम्मेदार अफसर को कोई सरोकार नहीं दिखाई पड़ रहा है। इसका फायदा ग्रामीण अपने स्थानीय फायदे के लिए करते हुए नज़र आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि लोकनिर्माण विभाग बेमेतरा के साजा सब डिवीजन द्वारा पूर्व में क्षेत्र के साजा, ठेलका, देवकर, परपोड़ी, बोरतरा, बीजा, खम्हरिया व अन्य इलाकों में भी निर्मित कर खुला छोड़ दिया गया है, जहां भी कुछ इसी तरह की स्थिति निर्मित हो रही है।

# स्वागत द्वार व सूचना बोर्ड टूटने की कगार पर, दुर्घटना की आशंका




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेरला

▪ बेरला बायपास मार्ग पर लिमाही चौक के पास स्वागत द्वार की मरम्मत जरूरी

बेरला मुख्यालय के लिमाही चौक पर बायपास मार्ग पर लगा बोर्ड दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। लिहाजा बेरला ब्लॉक के लिमाही चौक चार दिशाओं में अलग-अलग मार्ग जैसे रायपुर, अहिवारा, बायपास रोड बेमेतरा व बेरला-बेमेतरा सड़क मार्ग को संबोधित करता है। वहीं लिमाही चौक पर निर्माण प्रवेश स्वागत बोर्ड छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा में साजा 33, कोदवा 25, बेरला 3, कवर्धा 83, बेमेतरा 33, सिमगा 4 मार्गों की नाम व दिशाओं की दूरी को दर्शाया गया है। लेकिन, लाखों रुपये से निर्माण होने के बाद भी टीन उखने लगे हैं, जो कभी भी किसी वक्त गिर सकते हैं। इससे दुर्घटना होने की बड़ी आशंका बनी हुई है। जिस पर लोक निर्माण विभाग द्वारा तनिक जानकारी नहीं होना लापरवाही को दर्शा रहे हैं।

आपको बता दें कि वर्तमान में वर्षा ऋतु की शुरुआत हो चुकी है। कभी भी तेज आंधी तूफान व बिजली की गड़गड़ाहट की हमेशा स्थिति बनी रहती है। तेज हवाओं व आंधी तूफान के कारण ये बोर्ड कभी भी गिर सकते हैं। इससे आम जन हानि होने की बड़ी संभावना होने की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा एसडीओ भावेश कुमार सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। सोमवार को मरम्मत कराई जाएगी।


## सटोरिया पुलिस को देख होटल से कूदा, गंभीर

**भिलाई।** महादेव सट्टा को लेकर एसीसीयू को बड़ा सुराग हाथ लगने पर पुलिस की टीम तेलांगाना रवाना हुई थी। इससे पहले सुपेला पुलिस ने शुक्रवार की रात सट्टे से जुड़े युवको को भिलाई से पकड़ा था। इनके पास से पुलिस को क्लू मिला और सटोरियों को पकड़ने टीम को अवगत कराया गया था। एसीसीयू की टीम महादेव सटोरियों को ट्रांजिट रिमाण्ड पर भिलाई लेकर आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप का पैनल पकड़ने भिलाई सायबर सेल की टीम तेलंगाना हैदराबाद पहुंची थी।

## आगजनी, मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** आगजनी और मारपीट;करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 436, 327, 294, 506 बी, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पावर हाऊस में आगजनी की घटना,जेपी नगर कैम्प 2 में मारपीट कर अंगुली कांटने, नंदनी रोड पैसा का डिमांड कर मारपीट करने का मामला सामने आया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई थी। छावनी थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठधाम, पावर हाऊस में राँकी लांजेवार को संदेही के तौर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि आपसी विवाद होने से घर मे आग लगाना स्वीकार किया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411







खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छ.ग. शासन
मा. दयालदास बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
विजय सिन्हा
पूर्व अध्यक्ष,
नगर पालिका बेमेतरा
दीपेश साहू
विधायक, बेमेतरा


अंजु बघेल
सभापति,
जिला पंचायत, बेमेतरा
नवागढ़ विधानसभा के लाड़ले सपूत
खाद्यमंत्री
दयालदास बघेल
को जन्मदिन की
अशेष
शुभकामनाएँ
-: विनीत :-
योगेश तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिन्दू सनातन संगठन

## खबर संक्षेप

### वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया पौधा वितरण

**गुरूर।** वीरांगना दुर्गावती मंडावी के 460 वीं बलिदान दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी यूथ सोसायटी गुरुर द्वारा वीरांगना दुर्गावती चौराहा पुरूर में निःशुल्क पौधा वितरण कर ग्रीन आर्मी युवाओं द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। गोंडवाना समाज परिक्षेत्र पुरूर अध्यक्ष रूपराम नागवंशी एवं ग्रीन आर्मी यूथ गुरुर के सदस्य राहुल, भूपत मरकाम, सुनील मंडावी, दिलेश्वर नेताम, नवीन मंडावी, लता बबिता, रिंकी, चांदनी तथा 12 गांव के समाज प्रमुख उपस्थित थे।

### पिकरीपार की महिलाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत पिकरीपार की सरपंच चंदा साहू के नेतृत्व में ग्राम की सक्रिय महिलाओं ने बारिश के पूर्व गांव के चौराहों एवं तालाबों के आसपास पचरियों में फैली गंदगी की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर सरपंच चंदा साहू, विनिता साहू, जमूना साहू, भूनेश्वरी साहू, सीता यादव, कलिन साहू, सुनैना, लुकेश्वरी, मूनेश्वरी, फूलमत बाई, महाराजिन एवं देवंतीन बाई उपस्थित थीं।

### शासकीय विद्यालय धनगांव में लगा वाटर कूलर

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनगांव में शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच तोषण कुमार चुरेन्द्र के अथक प्रयास से ग्राम पंचायत धनगांव की ओर से शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय धनगांव मे वाटर कूलर और 500-500 लीटर पानी टंकी लगाई गई। शासकीय प्राथमिक विद्यालय धनगांव में वाटर कूलर लगाये जाने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य, धनेश्वरी सोनवानी, उच्च वर्ग शिक्षक टेमेश्वर श्रीवास, योगेश कुमार लाटेन्द्र, श्री पर्ने ने सरपंच का आभार व्यक्त किया।

### प्राथमिक शाला अतरगढ़ी में मनाया सत्र का प्रथम बैगलेस डे

# शिक्षा सत्र के प्रथम बैगलेस डे पर बच्चों ने की विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक शाला अतरगढ़ी में सत्र 2024- 25 का प्रथम बैग लेस डे शनिवार को मनाया गया। शनिवार को सर्वप्रथम सभी बच्चों को योग कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ बताए गए।

उसके बाद सभी शिक्षकों ने तरह-तरह की गतिविधियां कराईं। कक्षा पांचवी के बच्चों ने मिट्टी की वस्तुए बनाईं, किसी ने गमला बनाया तो किसी ने भगवान गणेश की मूर्ति बनाई। कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा कागज पर चित्र बनाया गया। कक्षा पहली और दूसरी में प्रधान पाठक गिरधरलाल साहू ने खेलकूद का अभ्यास कराया। कक्षा तीसरी के बच्चों को शिक्षिका और संकुल समन्वयक स्मिता साहू ने फूल और पत्तों को एकत्र कराकर एक गतिविधि कराई।

बच्चों ने अलग-अलग आकृतियां बनाईं। किसी ने तितली तो किसी के द्वारा पेड़ किसी ने मंदिर आदि बनाए। संकुल समन्वयक स्मिता साहू ने कहा कि सभी बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक अपने आसपास के फूल और पत्तों को एकत्र करके गतिविधि में भाग लिया। इस प्रकार की गतिविधि करने से बच्चों में रचनात्मक का विकास होता है बच्चे अपने आसपास के चीजों से बहुत अच्छे-अच्छे चीज बना सकते हैं। इस बात को स्वयं करके सीखते हैं। एकाग्रता बढ़ती है और बच्चे अशाब्दिक अर्थात जिसको बच्चे अपने शब्दों के माध्यम से व्यक्त नहीं कर पाते, उन्हें चित्रों के माध्यम से प्रकट कर सकते हैं। जब बच्चे स्वयं सीखते हैं तो उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

यहां बच्चों में कोई प्रतियोगिता नहीं थी। सभी बच्चे अपने पसंद की चीजों को बन पा रहे थे। शनिवार के दिन हम बच्चों को शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा के साथ-साथ छोटे-छोटे कार्य करना भी सिखा सकते हैं। बैग लेस डे का आयोजन हर शनिवार को सालभर किया जाना है।

# मास्टर ट्रेनर्स का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का समापन समारोह 29 जून को बीआरसी भवन बेरला में हुआ। इस अवसर पर विकासखंड बेरला के विकासखंड शिक्षा अधिकारी जय प्रकाश करमाकर, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अधेश उइके, बीआरसी बेरला खोमलाल साहू एवं एफएलएन कोर ग्रुप एससीईआरटी रायपुर मेंबर एवं बेमेतरा प्रभारी अमित पांडेय तथा सभी एसआरजी, डीआरजी एवं चारों जोन के सभी सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक साथियों के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी अधिकारियों द्वारा एसआरजी और डीआरजी का सम्मान विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक के सौजन्य से प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। बता दें कि ऑफलाइन प्रशिक्षण में तीन चरणों में चार जोन में संपन्न हुआ। उसमें बेरला विकासखंड के समस्त विद्यालयों के समस्त प्राथमिक सहायक शिक्षकों लगभग 555 शिक्षकों के लिए आयोजित गया था। इसके तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यानात्मक ज्ञान बच्चों को उनके कक्षा स्तर के अनुरूप लाने के लिए शिक्षण योजना बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पूरे प्रशिक्षण में एसआरजी के रूप में नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन, दीक्षा देवांगन, कांति नागे, कोर ग्रुप एससीईआरटी रायपुर कोर ग्रुप पवन देवांगन , ईरज वर्मा और जलेश कुमार जांगड़े, भुवन लाल साहू उपस्थित थे। वहीं, डीआरजी के रूप में सुरेंद्र पटेल, अखिलेश्वर पाटिल, भगवान सिंह राजपूत, शिव प्रकाश, मयंक राजपूत, प्रदीप परगनिहा, हारून अली, जोगीराम वर्मा, विजय निर्मलकर, नवाचारी शिक्षिका सावित्री साहू इन सभी ने अपनी उपस्थिति लगातार तीनों चरणों तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण में भरपूर सहयोग दिया गया। साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्री पवन, विजय, शहीद, कविता, दीप्ती, अंकिता, ज्ञानेस्वर ने भी विशेष सहयोग प्रदान किया।

■ एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर किया गया सम्मानित

# नगर पंचायत दाढ़ी में पसरी गंदगी

## डस्टबिन भर जाने के बाद भी नहीं हो रहा कचरे का उठाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी



नगर पंचायत दाढ़ी में गंदगी पसरी है। विभिन्न चौराहों पर लगे डस्टबिन से कचरा नहीं निकलने के कारण कचरे का देर भी सड़क पर जमा होना शुरू हो गया है, जबकि उक्त रास्ते से सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चों का आना जाना लगा रहता है।

गंदगी से लोग परेशान हैं गंदगी के कारण लोगों ने स्वच्छता का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत दाढ़ी के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मूक दर्शक बने हुए हैं। अधिकारी टैक्स वसूली करने में लगे हैं। अगर जल्द इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह समस्या कभी भी विकराल रूप ले सकती है। नगर के बिजली ऑफिस रोड से दाढ़ी नगर का हृदय जाने वाले दैहान तक थाना के समीप बालिका माध्यमिक शाला स्कूल तक शीतला मंदिर रोड इसके अलावा कई जगहों पर गंदगी का उठाव नहीं होने के कारण पूरा कचरा बीच सड़क पर पसरा है। बाजार में दुर्गंध के कारण यहां आने वाले लोगों को खूब परेशानी होती है, वहीं दुकानदारों को दुकान चलाना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि को सूचना दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। लोगों ने बताया कि बताया कि नगर पंचायत का टैक्स समय पर जमा नहीं करने पर पदाधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाता है। जब हम लोगों के घर के सामने से कचरा का उठाव नहीं हुआ है, वार्ड की कई नालियां जाम हैं, मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, लेकिन इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

